दिन–बुधवार दिनांक– 03 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि परीक्षा में पेपर लीक एक बड़ी समस्या है। श्री मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल ने चालू सत्र में इस मुद्दे को राजनीति की भेंट चढ़ा दी। उनकी इच्छा थी कि सभी दल इस मुद्दे पर अपनी राय रखते। श्री मोदी ने कहा कि वे देश के युवाओं को आश्वस्त करना चाहते हैं कि सरकार ऐसे कृत्यों में शामिल किसी को भी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा अनियमितता मामले में जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों पर मणिपुर को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मणिपुर की स्थिति धीरे–धीरे सामान्य हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि वर्ष दो हजार चौबीस के चुनाव में देश के लोगों ने लगातार तीसरी बार उन्हें मौका दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों का यह विश्वास संकल्प से सिद्धि का विश्वास है। प्रधानमंत्री के भाषण की शुरूआत के बाद से ही विपक्ष लगातार हंगामा करता रहा। बाद में विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

———————————————————————

राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई है। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद, सभापति जगदीप धनखड़ ने इसकी घोषणा की।

———————————————————————

उत्तर बिहार में बाढ़ की समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए केन्द्र सरकार ने उच्च स्तरीय बैठक की है। राज्यसभा सांसद और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, विदेश मंत्री एस.जयशंकर और जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबश्री मुखर्जी शामिल हुईं। श्री झा भी बैठक में शामिल थे और उन्होंने बाढ़ के निदान के लिए कई सुझाव दिये।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजस्व और भूमि सुधार विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित नौ हजार आठ सौ अट्ठासी अभ्यर्थियों के बीच नियोजन पत्र का वितरण किया। इनमें विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, सर्वेक्षण कानूनगो और

सर्वेक्षण अमीन के पद पर चयनित उम्मीदवार शामिल हैं। पटना के संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभागीय मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल समेत अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। वहीं, जिला मुख्यालयों में प्रभारी मंत्री और जिलाधिकारी ने नियोजन पत्र प्रदान किया।

———————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान होगा। श्री आर्लेकर आज पटना स्थित राजभवन में राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। श्री आर्लेकर ने कहा कि बिहार की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने के लिए हमें लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए अपनी जिम्मेदारी तय करनी होगी।

———————————————————————————

मॉनसून के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम हिस्सों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश हुई है। सीवान के बड़हरिया में सबसे अधिक दो सौ पैंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इसके अलावा कई स्थानों पर सौ मिलीमीटर से लेकर दो सौ मिलीमीटर तक बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, जहानाबाद, भोजपुर, बक्सर, पटना, नवादा, नालंदा, गोपालगंज, सारण, सीवान और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, जमुई, मुंगेर, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर जिले में भारी बारिश की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।